प्रेस नोट दिनांक 22.03.2026
जनपद बरेली

मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना आंवला मिशन शक्ति टीम/पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 02 अपहृताओं को सकुशल बरामद किया गया।

थाना आंवला क्षेत्रान्तर्गत दो पृथक प्रकरणों में नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर ले जाने के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। दोनों प्रकरणों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए थाना आंवला पुलिस टीम/मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई।

1. प्रथम प्रकरण में दिनांक 19.03.2026 को वादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 14 वर्ष के अपहरण के संबंध में सूचना दी गई, इस संबंध में थाना आंवला पर तत्काल मु0अ0सं0 153/26 धारा 137(2) बीएनएस बनाम सुशील मौर्य पुत्र रोशनलाल निवासी ग्राम रसूला थाना आंवला बरेली पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मिशन शक्ति टीम / पुलिस टीम द्वारा मुखबिर एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 22.03.2026 अपहृता/पीडिता को बरामद किया गया। अपहृता का चिकित्सीय परीक्षण कराकर नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

2. द्वितीय प्रकरण में दिनांक 20.03.2026 को एक अन्य वादिनी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 14 वर्ष के अपहरण के संबंध में दी गई सूचना के आधार पर थाना आंवला पर तत्काल मु0अ0सं0 157/26 धारा 137(2) बीएनएस बनाम बृजेश कश्यप पुत्र रामचन्द्र कश्यप नि0 पैगा थाना आंवला जिला बरेली पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री अश्वनी शर्मा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मिशन शक्ति टीम / पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस, मुखबिर खास एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 22.03.2026 अपहृता/पीडिता को मनौना धाम गेट के बाहर से बरामद किया गया। अपहृता का चिकित्सीय परीक्षण कराकर नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

अपहृता/पीडिता को बरामद करने वाले पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री छोटेलाल थाना आंवला जनपद बरेली ।
2. उ0नि0 श्री अश्वनी शर्मा थाना आंवला जनपद बरेली
3. उ0नि0 श्री बिहारीलाल थाना आंवला जनपद बरेली । (मिशन शक्ति टीम प्रभारी)
4. का0 1781 संजीव कुमार थाना आंवला जनपद बरेली ।
5. म0का0 3326 स्वाति थाना आंवला जनपद बरेली ।
6. म0का0 1308 छाया थाना आंवला जनपद बरेली। (मिशन शक्ति टीम सदस्य)
7. म0का0 3184 शीतल थाना आंवला जनपद बरेली । (मिशन शक्ति टीम सदस्य)